बुधवार
01 नवंबर 2023

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


सीएम नीतीश कुमार ने इथेनॉल प्लांट का किया शुभारंभ 2





**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर शक्ति स्थल पर श्रद्धांजलि दी। 1984 में स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार की सैन्य कार्रवाई के पांच महीने के बाद 31 अक्टूबर को उनके ही दो अंगरक्षकों ने इंदिरा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## जितनी फोन टैपिंग करनी है कर लो, मुझे फर्क नहीं पड़ता: राहुल

- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर निकाली भड़ास
- बोले- अडानी के खिलाफ आवाज उठाने वाले सभी लोगों को भेजा गया नोटिस

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर जासूसी का आरोप लगाते हुए जमकर भड़ास निकाली। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मा अडानी में है। राहुल गांधी ने फोन निमार्ता कंपनी एप्पल की तरफ से आए एक ईमेल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें इस बात से कतई फर्क नहीं पड़ता कि उनके फोन की टैपिंग हो रही है। राहुल गांधी ने कहा, असलियत यह है कि राजा, राजा ही नहीं है, पावर किसी और के हाथ में है। जैसे ही हम अडानी पर जाते हैं वैसे ही इंटेलिजेंस एजेंसी, जासूसी सीबीआई आते हैं। अभी नंबर-1 अडानी, नंबर-2 प्रधानमंत्री और नंबर-3 पर अमित शाह हैं।



**पूरे विपक्ष के खिलाफ एप्पल का नोटिस आया है:** राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एप्पल की तरफ से आए ईमेल की प्रिंटेड कॉपी दिखाते हुए कहा, पूरे विपक्ष के खिलाफ एप्पल का नोटिस आया है। पूरे विपक्ष के खिलाफ एप्पल का नोटिस आता है। यह मेरे कार्यालय में सभी लोगों को मिला है। कांग्रेस पार्टी में लिस्ट बनी हुई है। यह सारे किसी न किसी तरीके से इस मामले में शामिल हैं। आपका ध्यान कभी इधर, कभी उधर ले जाते हैं, आपके दिल में गुस्सा पैदा करते हैं और जब आपके अंदर नफरत आती है तब ये लोग इस देश का धन ले जाते हैं। यह नोटिस वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, सीताराम येचुरी, अखिलेश यादव, सुप्रिया, प्रियंका चतुर्वेदी, महुआ मोइत्रा, राघव चड्ढा, इन सबको मिला है। ये सब अडानी के खिलाफ आवाज उठाते हैं। पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर अडानी को दे दिया। जितनी टैपिंग करनी है, कर लो। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

### विपक्षी सांसदों को फोन निर्माता कंपनी से मिला चेतावनी संदेश

टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा, शिवसेना नेता की प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर और पवन खेड़ा का कहना था कि उन्हें अपने फोन निमार्ता से चेतावनी का संदेश मिला है कि, स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा और सांसद असदुद्दीन ओवैसी का भी कहना था कि उन्हें अपने फोन निमार्ता से स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स द्वारा उनके फोन पर हमला करने की कोशिश करने को लेकर चेतावनी मिली है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कहा, मैसेज में बताया जा रहा है कि स्टेट की ओर से आपका फोन हैक किया जा रहा है। दुख की बात है कि लोकतंत्र में आजादी और निजता को भी ये खत्म करना चाहते हैं। जासूसी किस लिए? इसकी जांच हो।

### अमृत कलश यात्रा के समापन समारोह में मेरा युवा भारत पोर्टल की लॉन्चिंग

## राष्ट्र निर्माण के लिए मेरा युवा भारत संगठन की बहुत बड़ी भूमिका: मोदी

- नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह
- पीएम मोदी ने अमृत महोत्सव स्मारक एवं अमृत वाटिका का भी किया शिलान्यास
- पीएम मोदी ने देश की मिट्टी से अपने माथे पर लगाया तिलक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का समापन मंगलवार को नई दिल्ली में हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस समारोह में शिरकत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा के समापन समारोह में रिमोट का बटन दबा कर मेरा युवा भारत पोर्टल' को लॉन्च किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा के समापन समारोह में अमृत महोत्सव स्मारक एवं अमृत वाटिका का भी शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने इस समारोह के समापन के मौके पर देश के नाम पर एक संबोधन भी दिया। पीएम मोदी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के सामपन के दौरान देश की मिट्टी से अपने माथे पर तिलक भी लगाया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। 12 मार्च 2021 को गांधी जी की प्रेरणा से साबरमती आश्रम से शुरू हुआ आजादी का अमृत महोत्सव अब 31 अक्तूबर 2023 आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समापन का पल है। आज ये हुजूम एक नया इतिहास बन गया। जैसे दांडी यात्रा शुरू होने के बाद देशवासी उससे जुड़ते गए,





वैसे ही आजादी के अमृत महोत्सव ने जनभागीदारी का ऐसा हुजूम देखा कि नया इतिहास बन गया। 75 साल की ये यात्रा समृद्ध भारत के सपने को साकार करने वाला कालखंड बन रहा है।

उन्होंने कहा कि आज मेरा युवा भारत संगठन, यानी माई भारत की नींव रखी गई है। 21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण के लिए मेरा युवा भारत संगठन, बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है। भारत के युवा कैसे संगठित होकर हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मेरी माटी मेरा देश अभियान है। 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान में गांव-गांव, गली-गली से देश के युवा जुड़े।

### जो माटी का कर्ज चुका दे, वही जिंदगानी है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की मिट्टी में वो चेतना है जिसने इस राष्ट्र को अनादिकाल से आज तक बचा कर रखा है। ये वो माटी है, जो देश के कोने-कोने से, आत्मीयता और अध्यात्म, हर प्रकार से हमारी आत्मा को जोड़ती है। किसान हों, वीर जवान हों, किसका खून-पसीना इसमें नहीं मिला है। इसी माटी के लिए कहा गया है- चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है। माटी स्वरूप इस चंदन को अपने सिर माथे पर लगाने के लिए हमसब लालायित रहते हैं। जो माटी का कर्ज चुका दे, वही जिंदगानी है! जो अमृत कलश यहां आए हैं, इनके भीतर मिट्टी के हर कण अनमोल हैं। देश के हर घर-आंगन से जो मिट्टी यहां पहुंची है, वो हमें कर्तव्य भाव की याद दिलाती रहेगी। ये मिट्टी, हमें विकसित भारत के अपने संकल्प की सिद्धि के लिए और अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेगी। आज हम संकल्प लेते हैं- जन-जन को हम जा के जगाएंगे, सौगंध मुझे इस मिट्टी की, हम भारत भव्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जब नीयत नेक हो, राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि हो तो नतीजे भी उत्तम से उत्तम मिलते हैं।

### आने वाली पीढ़ी से जो वादे किए हैं उसे पूरा करना ही होगा

उन्होंने कहा कि मेरा युवा भारत संगठन, माई भारत, भारत की युवा शक्ति का उद्घोष है। ये देश के हर युवा को, एक मंच, एक प्लेटफॉर्म पर लाने का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा। जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा, तब तक भारत को विकसित देश बनाना है। आजादी के 100 साल पूरे होने पर देश इस विशेष दिवस को याद करेगा। हमने जो संकल्प लिया, हमने आने वाली पीढ़ी से जो वादे किए, उसे हमें पूरा करना ही होगा। इसलिए हमें अपने प्रयास तेज करने हैं।

### तुष्टिकरण की राजनीति ही देश के विकास में बाधक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी जयंती पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल की जयंती पर एकता की शपथ भी ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए उनकी प्रतिबद्धता आज भी सभी का मार्गदर्शन करती है। 1875 में गुजरात में जन्मे सरदार वल्लभभाई पटेल एक वकील थे। वे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक प्रमुख कांग्रेस नेता और महात्मा गांधी के सहयोगी के रूप में उभरे. वे स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री बने। उन्हें सैकड़ों रियासतों को सरकार में मिलाने का श्रेय दिया जाता है।

वहीं आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, तुष्टिकरण की राजनीति ही देश के विकास में बाधक है। तुष्टिकरण करने वाले लोगों को मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े होने में संकोच नहीं हो रहा है। तुष्टिकरण की सोच इतनी खतरनाक है कि वो आतंकियों को बचाने के लिए अदालत तक पहुंच जाती हैं।

### पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक से ईडी ने शुरू की पूछताछ


**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक से मंगलवार को पूछताछ शुरू की। मलिक को करोड़ों रुपये के कथित राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। राज्य के वन मंत्री मलिक को पूरी तरह से फिट करार दिए जाने और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी कार्यालय लाया गया। मलिक 27 अक्तूबर को पेशी के दौरान अदालत में गिर गए थे। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि हमारे अधिकारियों ने घोटाले में उनकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए मंत्री से पूछताछ शुरू कर दी है। उनके पास सवालों की एक सूची है। इसे उनके पूर्व सहयोगियों और निजी सहायक से पूछताछ के दौरान मिले जवाबों के आधार पर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि ईडी के दो अधिकारी मलिक से पूछताछ कर रहे हैं और उनके जवाबों को रिकॉर्ड किया जा रहा है।

### केजरीवाल गिरफ्तार हुए तो जेल से ही चलेगी सरकार: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि यदि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है, तो उनकी सरकार जेल से ही चलेगी। वे जेल से ही चलाएंगे और जेल से ही दिल्ली वालों को मुफ्त बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते रहेंगे। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाये जाने के साथ ही यह आशंका जताई जा रही है कि उन्हें भी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की तरह गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके साथ ही यह भी चर्चा होने लगी है कि यदि अरविंद केजरीवाल जेल जाते हैं, तो दिल्ली में सरकार कैसे चलेगी? कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल जेल जाने के बाद यह जिम्मेदारी अपनी पत्नी को दे सकते हैं। वहीं, कुछ लोग यह कह रहे हैं कि राघव चड्ढा या आतिशी मार्लेना को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### मणिपुर में फिर हिंसा, बदमाशों ने की पुलिस के जवानों पर गोलीबारी

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में कई दिनों की शांति के बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। दरअसल मणिपुर का मोरेह शहर मंगलवार सुबह-सुबह गोलियों की आवाज से दहल उठा। सुबह करीब 9.30 बजे संदिग्ध कुकी हथियारबंद बदमाशों ने मणिपुर पुलिस के जवानों पर गोलीबारी की। गोलीबारी में मणिपुर पुलिस के एक अधिकारी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक संदिग्ध कुकी हथियारबंद उग्रवादियों ने मणिपुर पुलिस के जवानों पर उस वक्त हमला कर दिया, जब वे मोरेह के टेंग्नौपाल जिले के ईस्टर्न शाइन स्कूल के पास फुटबॉल मैदान की सफाई कर रहे थे। इसमें एक मणिपुर पुलिस अधिकारी आनंद सिंह, एसडीपीओ मोरेह को आठ से दस गोलियां लगी। गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए तुरंत मोरेह पीएचसी ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




### लौहपुरुष की जयंती पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

## भारत की एकता में सरदार पटेल का बड़ा योगदान: राजनाथ

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' को किया रवाना

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

लौहपुरुष 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित सरदार पटेल स्मारक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सांसद कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ और भारत माता के महान सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ था, तब स्वतंत्र भारत में अलग-अलग रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। सीएम योगी ने कहा कि भले ही उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें तत्कालीन सरकारों ने सम्मान न दिया हो, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की। इस अवसर पर देशवासी जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा को भुला कर एक साथ एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल हो करके सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भारत आजाद हुआ था तो वह 562 रियासतों में बंटा हुआ था। अंग्रेजों ने जानबूझ कर रियासतों को विलय करने या अलग रहने का निर्णय करने का मौका दिया था। ऐसे में देश के गृहमंत्री के रूप में सरदार वल्लवभाई पटेल के सामने क्या कठिन परिस्थिति और चुनौती रही होगी, इसकी आज कल्पना करना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यह सरदार पटेल की दूरदर्शिता और उनकी कूटनीतिक क्षमता का ही परिणाम था कि भारत की एकता और अखण्डता सुनिश्चित की जा सकी। आप सभी ने जूनागढ़ रियासत और निजामशाही से जुड़ी घटनाओं के बारे में सुना होगा। सरदार पटेल ने इन दोनों रियासतों का भारत में विलय कराया। जम्मू एवं कश्मीर के विलय का काम भी अगर सरदार पटेल को ही सौंपा गया होता तो संविधान की धारा 370 की समस्या पैदा ही नहीं हुई होती। सरदार पटेल ने उस समय सूझ बूझ और दृढ़ता का परिचय न दिया होता तो आज भारतवासियों को जूनागढ़ और हैदराबाद जाने के लिए वीजा पासपोर्ट की जरूरत पड़ रही होती।

# सीएम ने इथेनॉल प्लांट का किया शुभारंभ



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को नालंदा जिले के बेन प्रखंड के ग्राम अरावन में पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 30 एकड़ में स्थापित इथेनॉल प्लांट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस संयंत्र की कुल क्षमता 500 किलो लीटर प्रतिदिन है। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर इथेनॉल प्लांट के कार्य का भी शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने इथेनॉल प्लांट का निरीक्षण किया और वहाँ की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इथेनॉल प्लांट परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक डॉ० जीतेन्द्र कुमार, विधान पार्षद रीना यादव, पूर्व विधायक चन्द्रसेन प्रसाद, पूर्व विधायक ई० सुनील कुमार, पूर्व विधायक राजीव रंजन, पूर्व विधायक हीरा बिन्द, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ० दिलीप पटेल, पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राकेश पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक राकेश राठी व अन्य उपस्थित थे।

## सरदार वल्लव भाई पटेल की जयंती पर लालू-नीतीश पर बरसे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष

# जनता को ठग रही है नीतीश की पार्टी: सम्राट

**केटी न्यूज/पटना**



देश के गृह मंत्री लगातार बिहार आ रहे हैं। इस बार वो हरित क्रांति, सफेद क्रांति और नीली क्रांति हो रही है इसको लेकर आएंगे। बिहार में जो लगातार अपराधिक घटनाएं हो रही है। बिहार की जो समस्या बनी हुई है। उसको लेकर बातचीत करने आ रहे हैं। आज जिस तरह नीतीश कुमार की पार्टी जनता को ठग रही है इसी के बारे में लोगों की बताने को आएंगे।

यह बातें भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कही है। सरदार वल्लव भाई पटेल की जयंती समारोह में शामिल हुए चिराग पासवान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे और कांग्रेस के तरफ से वल्लव भाई पटेल दी जाने वाली इज्जत को लेकर बातचीत करते हुए बड़ा आरोप लगाया है। सम्राट ने कहा कि- भाजपा का घर बिहार है। ऐसे में अमित शाह बिहार आ रहे है तो क्या समस्या है। इसके आलावा लालू यादव को भी सबसे पहले हम लोगों ने ही हल्दी लगाने का काम किया था कोई कांग्रेस नहीं आई थी उस समय। यह बातें राजद सुप्रीमों के बेटे को अच्छी तरह से मालूम होना चाहिए।

भाजपा का किसी का कृपा नहीं है बल्कि भाजपा ने नीतीश कुमार और कुपुर्री जी जैसे नेता को सीएम बनाया है। भाजपा की कृपा लालू और नीतीश दोनों पर है। सम्राट ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि यदि बिहार में हमारी सरकार बनी तो नालंदा में सरदार पटेल की बहुत बड़ी प्रतिमा लगायेंगे। हमलोग सिर्फ अपने तक समित रहने वाले लोग नहीं हैं। आज जो खुद को लोगों के हितेषी बन रहे हैं वही सबसे बड़े सामंती हैं। लालू ने किसी को मौका नहीं दिया बस अपनी पत्नी, बेटा और बेटी को ही सब पद दिया।

## आपसे अच्छे तो बड़े भाई लालू हैं, जमीन लेकर ही सही पर नौकरी बिहारियों को दी: मांझी

**पटना।** बिहार में हुई शिक्षकों की बहाली को लेकर एनडीए लगातार महागठबंधन की सरकार पर हमलावर है और आरोप लगा रहे हैं कि शिक्षक नियुक्ति में सरकार ने बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। एनडीए में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम जीतन राम मांझी ने इस मामले को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मांझी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है और कहा है कि आपसे तो अच्छे बड़े भाई थे जिन्होंने जमीन लेकर ही सही बिहार के लोगों को नौकरी दी। बिहार में शिक्षकों की बहाली के लिए सरकार ने करीब 1.70 लाख पदों पर भर्ती निकाली थी। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए थे लेकिन सिर्फ 1.22 लाख पद ही भरे जा सके हैं। दो नवंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे जीतन राम मांझी ने एक बार फिर शिक्षक बहाली में बिहार के युवाओं के बदले यूपी के अभ्यर्थियों को जगह दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। जीतन राम मांझी ने पर लिखा है कि, दुनिया को ज्ञान का प्रकाश देने वाले गया जिले फतेहपुर में सरकार को बिहारी अभ्यर्थी ही नहीं मिले इसलिए यहां के बच्चों को पढाने के लिए शिक्षक इम्पोर्ट करके लाए गए हैं।

# लौह पुरुष व पूर्व पीएम को दी गई श्रद्धांजलि





**केटी न्यूज/पटना**

भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, में किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

वहीं भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर मंगलवार को पटना के शेखपुरा स्थित इंदिरा गांधी इन्स्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रांगण में अवस्थित स्व इंदिरा गांधी की प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंदिरा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

# भाजपा विधायक राजू सिंह की बढ़ी मुसीबत, कोर्ट ने तय किया आरोप

**केटी न्यूज/पटना**



मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से भाजपा के विधायक राजू सिंह के साथ साथ उनकी पत्नी रानू सिंह की मुश्किलें बढ़ गयी है। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ चार्ज फ्रेम कर लिया है यानि आरोप तय कर दिया है। अब उनके खिलाफ ट्रायल होगा। इस मामले में राजू सिंह को 10 साल तक की कैद की सजा हो सकती है।

मामला हर्ष फायरिंग का है। इस मामले में विधायक राजू सिंह और उनकी पत्नी मुसीबत में पड़ती दिख रही हैं। दिल्ली की रॉउज एवन्यू कोर्ट ने दोनों के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में राजू सिंह और उनकी पत्नी के अलावा दो अन्य लोग भी आरोपी हैं। कोर्ट में अब इस मामले की अगली सुनवाई छह नवंबर को होगी।

बता दें कि ये मामला 2019 का है। 2019 में राजू सिंह के दिल्ली स्थित फार्महाउस में नए साल की पूर्व संध्या पर आयोजित पार्टी आयोजित की गयी थी। आरोप है कि पार्टी के दौरान राजू सिंह ने नशे में धुत्त होकर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग की। राजू सिंह की पिस्टल से चली गोली एक महिला को जा लगी, जिससे महिला की मौत हो गई थी। इस मामले की पड़ताल के पुलिस ने विधायक राजू सिंह और उनकी पत्नी के साथ साथ दो अन्य आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी है। उसके बाद कोर्ट में इस पर सुनवाई हुई।

# शहरों की वायु की गुणवत्ता फिर होने लगी खराब जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हुए लोग

- बिहार के बेगूसराय में सबसे अधिक 330 वायु प्रदूषण, पटना का एक्यूआइ भी पहुंचा 232 के पार

**केटी न्यूज/पटना**

शहरों की वायु की गुणवत्ता फिर से खराब होने लगी है। पिछले दो दिनों की एक्यूआइ रिर्पाट 210 के पार दर्ज किया जा रही है। जो शहर की वायु मंडल के लिए बेहद चिंताजनक बात है। जानकार बताते है वायु गुणवत्ता खराब होने का कारण मौसम में ठंड व नमी बढ़ने के कारण छोटी-छोटी कणों का वायु मंडल के निचली सतह पर मंडराना हो सकता है। हालांकि नगर-निगम की तरफ से शहर में वायू प्रदूषण की स्थिति देखते हुए सड़कों पर एंटी स्मॉग गन का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि वायु गुणवत्ता की स्थिति कुछ बेहतर हो सके।

## रिपोर्ट में दावा: अन्य शहरों की हालत भी अच्छी नहीं

बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक्यूआइ रिर्पाट के अनुसार शहर के वायु मंडल में पीएम 2.5 कण ज्यादा नजर आ रहे हैं। जिससे अस्थमा व सांस संबंधित समस्या होने की संभावना बढ़ जाती है। पटना ही नहीं बिहार के अन्य जिलों में भी वायु गुणवत्ता खराब दिख रही है। मुजफ्फरपुर की एक्यूआइ रिपार्ट 222 , बेगूसराय 330 , आरा 250 ,मोतिहारी 205 ,नालंदा राजगीर 295 समतीपुर 238 ,भागलपुर 171 , कटिहार-174 । बिहार में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण बेगूसराय 330 जिले में दिख रहा है, वही गया में 71 है. वहीं किशनगंज में भी एयर क्वालिटी इंडेक्स 170 से ऊपर है। पटना नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि सड़क के किनारे वह अंगीठी नहीं जलाएं, खुले में कूड़ा कचरा नहीं जलाया जाए। सड़क पर धूल कण नहीं उड़े इसको लेकर भी कई उपाय किए जा रहे हैं। बावजूद वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। **पराली जलानेवालों पर करें कार्रवाई:** राज्य में बढ़ता वायु प्रदूषण भी नीतीश सरकार के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है। जिसके चलते अब बिहार सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि फसल अवशेष (पराली) जलानेवाले किसानों से धान की खरीद नहीं की जाए। साथ ही बार-बार पराली जलानेवालों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने फसल अवशेष प्रबंधन पर बैठक की। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे धान कटनी का समय आएगा, वैसे-वैसे राज्य में वायु प्रदूषण की स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। इसलिए उन प्रखंडों और पंचायतों में सर्तकता बरतें जहां पहले फसल अवशेष जलाने की शिकायत मिली है।



## खबरें फटाफट

### यूपी से आ रही शराब की खेप बरामद, कार जब्त, तस्कर फरार

**सिमरी।** रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस ने सोमवार की रात थाना क्षेत्र के जनेश्वर मिश्र सेतू व कोईलवर तटबंध के बीच शराब लदी एक स्कार्पियो को जब्त किया है। हालांकि तस्कर सह चालक अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा है। पुलिस ने जब स्कार्पियो की तलाशी ली तो उसमें बंटी बबली ब्रांड का 35 कॉर्टन देसी व 8 पीएम ब्रांड का 21 कॉर्टन समेत कुल 496.44 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। स्कार्पियो बलिया की तरफ से आ रही थी। उसका नंबर यूपी 85वी 5180 है। पुलिस ने उक्त वाहन के नंबर के आधार पर चालक सह तस्कर के पहचान में जुट गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामदास राय के डेरा ओपी प्रभारी नमो नारायण राय ने बताया कि सोमवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि तस्करों द्वारा लग्जरी वाहन से शराब की खेप मंगवाई गई है। इस सूचना पर कोईलवर तटबंध के समीप बलिया जाने वाले रोड पर पुलिस ने रात में वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इधर यूपी से स्कार्पियो में शराब लेकर आ रहा तस्कर दूर से ही पुलिस को देख वाहन छोड़ अंधेरे का फायदा उठा भाग निकला। पुलिस ने वाहन को जब्त करने के साथ ही चालक की तलाश शुरू कर दी है। ओपी प्रभारी ने बताया कि एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर हर दिन शराब तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### सब्जी खरीदने आये युवक की बाइक चोरी, मामला दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर चौक पर सब्जी खरीदने आये एक युवक की बाइक चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बाइक स्प्लेंडर प्लस, जिसका नंबर बीआर 44 एस 3373 बताया जाता है। इस मामले में पीड़ित पुराना भोजपुर गांव निवासी विनोद राम ने नया भोजपुर ओपी थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपनी बाइक पुराना भोजपुर चौक के सड़क किनारे खड़ी कर सब्जी खरीदने चला गया। जब वापस आया तो बाइक वहां नहीं थी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, आकर्षक मॉडल बना किया आश्चर्यचकित

- राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन
- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एसडीएम
- प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण की सोच को बच्चों ने दिखाया

**केटी न्यूज/डुमरांव**





मंगलवार को राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की सोच व कौशल ने सबको हैरत में डाल दिया। नन्हें वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण, कृषि व पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्रों ने अनेक मॉडल बनाए। किस तरह हम अपना काम करते हुए पानी को बचा सकते है। कृषि को और लाभकारी बनाने के साथ पर्यावरण को नुकसान से बचाने के विभिन्न तरीके छात्रों ने अपनी शैली में विकसित कर दिखाए। प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण की सोच को प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रमुखता से रखा। जिसमें भूकंपरोधी शहर का नक्शा बच्चों ने पेश कर वाहवाही लूटी। प्रदर्शनी में हाइड्रोलिक पुल, चुंबकीय गाड़ी, धुआं रहित गाड़ी जैसे कठिन उपकरणों का माडल बना सबको चौंका दिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, निदेशक ब्रह्मा ठाकुर व प्रिंसिपल एस वेकटासन व विष्णु ठाकुर ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। इस प्रदर्शनी को संपनन कराने में विद्यालय के शिक्षकों संदीप, संजय, प्रहलाद, जगनारायण, विशाल, धर्मेन्द्र, इन्द्रसेन, सत्यजीत, पूनम, रूपम आदि का सराहनीय योगदान रहा। वही छात्रों में शीतल, प्रिया, सिखा, नव्या, कविता, साक्षी, जागृति, खुशी, वैष्णवी, मानसी, अंशिका, भूमि, रागिनी, आरती, साफिया, खुशी, प्राप्ति, आर्यन, यश, सारिका, मुस्कान, विनीत, शिवांश, आदित्य आदि ने अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किए थे।

**विज्ञान के बिना आज के परिवेश में कुछ भी संभव नहीं - एसडीएमः** एसडीएम कुमार पंकज गांव से जुड़े बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडल को देख कर आश्चर्य चकित रहे गए। एसडीएम ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान का है, विज्ञान के बिना कुछ भी संभव नहीं है। विज्ञान के क्षेत्र में ही विद्यार्थी अच्छी कैरियर बना सकते हैं। विज्ञान से ही विश्व में विभिन्न प्रकार का रिसर्च किया गया है। बदलते परिवेश में विज्ञान युग में लोग उड़ान भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नन्हें मुन्ने बच्चों में अपार प्रतिभा उसे निखारने प्रतिभा को निखारने के लिये ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस प्रर्दशनी का आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि बच्चों के इस अनूठे प्रदर्शन में विद्यालय के शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन को सराहनीय कदम बताते हुए कहा, इससे बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा उभरती है। बच्चों में रचनात्मक क्षमता का विकास होता है।

**बच्चों को अनुशासन व तकनीकी सोच विकसित करने पर फोकस - ब्रह्मा ठाकुरः** निदेशक ब्रह्मा ठाकुर ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों के अनुशासन तथा तकनीकि सोच को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने छात्रों के इस प्रयास को भविष्य के लिए बेहतर बताया। ठाकुर ने कहा कि विज्ञान युग में कई चमत्कार हुए हैं। लोग विज्ञान के माध्यम से चांद तक पहुंच चुके हैं। विज्ञान के बिना कुछ भी संभव नहीं हैं।

**प्रदर्शनी में ये रहा आर्कषण का केन्द्र**

नन्हे बैज्ञानिको ने के द्वारा बनाए गये प्रदर्शनी में जेसीबी, स्मार्ट सीटी, गणित के मॉडल, मॉडल सिटी, लेजर लाईट सिस्टम, ड्रिप, इको फ्रेंडली सिस्टम, सोलर सिस्टम, हार्ट सिस्टम सहित कई अन्य मॉडल बनाए थे। जिसकी जमकर सराहना अतिथियों व अभिभावकों द्वारा की गई।

### बदलते मौसम और मच्छरों के प्रकोप के कारण अधिक बीमार पड़ रहे लोग

# रहें सतर्क... अस्पतालों में बढ़ी भीड़ सबसे अधिक सर्दी-बुखार के मरीज

- बोले डॉक्टर- अगर तीन दिनों के अंदर बुखार नहीं ठीक हो तो आप तत्काल डॉक्टर से मिलकर डेंगू और टाइफाइड की जांच करायें
- समय पर सही से इलाज नहीं कराने पर मरीज की जान जाने का है खतरा

**केटी न्यूज/डुमरांव**





तेजी से मौसम बदलने के कारण सर्दी, जुखाम व बुखार की समस्या घर-घर में फैल रही है। डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। सबसे अधिक मरीज सर्दी, बुखार व जुखाम पीड़ित ही आ रहे हैं। डाक्टरों की मानें तो अगर मौसम के परिवर्तन की स्थिति में बुखार आता है तो वह तीन दिन के अंदर ठीक हो जायेगा। अगर इससे अधिक समय तक फीवर बना रहता है तो लापरवाही न बरतें। इसका तत्काल जांच करा लें।

फिजिशियन डॉक्टर एस कुमार ने बताया कि तेजी से मौसम में परिवर्तन होने के कारण फीवर ने पैर पसार लिए हैं। दिन में हल्की धूप रहती है जबकि शाम या रात ठंडी होने लगी है, जिस कारण गर्म व ठंडी के अचानक बदलाव से अधिकांश लोग फीवर की चपेट में आ रहे है, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि लोग सर्दी, झुकाम और बुखार से पीडित हो रहे हैं। हालांकि मौसम परिवर्तन के कारण आने वाला फीवर तीन दिनों तक ही रहता है। अगर तीन दिनों के अंदर फीवर नहीं उतरे तो आप तत्काल चिकित्सक से मिलकर डेंगू की जांच करायें। अगर तेज बुखार ठंड के साथ आता है तो भी इसे गंभीरता से लें।

### डेंगू का बुखार तेज आता है शरीर पर दिखते हैं निशान

डॉक्टर कुमार ने बताया कि बुखार के भी कई प्रकार व लक्षण होते हैं। मौसम परिवर्तन के कारण होने वाला फीवर तीन दिनों बाद स्वंय ही सामान्य होने लगता है जबकि मलेरिया का फीवर तेज आता है और उतरने पर मरीज के शरीर से पसीना आता है जबकि डेंगू का बुखार तेज आता है और शरीर पर निशान दिखायी पडते हैं। शरीर पर पडने वाले निशान इस बात का संकेत होते है कि बॉडी में मौजूद प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रहे है। इतना ही नहीं नाक व मसूड़े से ब्लड गिरने लगता है। डॉक्टर ने बताया कि किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं सिर्फ फिजिशियन की सलाह लेकर दवा लें। बचाव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि घर पर सफाई का विशेष ध्यान रखें। प्रयास करें कि घर में या फिर आसपास पानी एकत्र न हो। पानी भरा होने पर मच्छर के लार्वा का जन्म होता है। डेंगू के खास लक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अगर तेज बुखार, आंख व सिर में दर्द या शरीर पर निशान आ रहे है तो तत्काल डाक्टर से संपर्क करें। उन्होंने डेंगू से बचाव के लिए घर में रखे फ्रिज व कूलर की नियमित सफाई करने की नसीहत भी दी। वहीं मंगलवार को अनुमंडलयी अस्पताल में मुश्तैद डा सुमित सौरभ ने बताया कि पिछले दो-तीन सप्ताह से इस अस्पताल में मरीजों की तादात बढ़ी है। अधिकतर मरीज मौसम जनित बीमारियों के ही आ रहे है। लेकिन उनके डेंगू का जांच भी करवाया जा रहा है। मंगलवार को भी अस्पताल में पूरे दिन मरीजों की लंबी लाईन लगी हुई थी।

## एक नजर



### पुरानी रंजिश में दुकानदार पर जानलेवा हमला सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**बक्सर।** बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के सोनपा गांव के मनोज यादव पर कुछ लोगों द्वारा चाकू से जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया है। जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वे प्रति दिन की तरह सोमवार की रात 8.00 बजे अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही वे चौसा मोहनिया मुख्य मार्ग से सोनपा डेरा गांव में जाने वाले लिंक पथ पर मुड़े कुछ ही दूर पर जाते ही पहले से घात लगाकर बैठे आधा दर्जन से अधिक की संख्या में लोगों ने रस्सी बांधकर अचानक इसकी बाइक को गिरा दिया। बाइक गिरते ही सभी लोगों ने इसके पास पहुंचकर बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर चाकू से गोद कर बुरी तरह से घायल कर दिया। तभी अचानक इसी गांव में जाने के लिए कोई बाइक सवार अंधेरे में इस रोड की तरफ मुड़ा। बाइक की लाइट देखकर हमलावर आसपास के खेत के तरफ भाग निकले। वही रोड पर गिरा बाइक देख बाइक सवार वगैर रुके निकल पड़ा। इसी बीच जख्मी मनोज यादव किसी तरह खून से लथपथ स्थिति में सोनपा पश्चिम डेरा पहुंच कर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी और वहीं बेहोश हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मनोज यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इसका इलाज चल रहा है। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित के परिजनों ने बताया कि पिछले 28 सितंबर को ईसापुर बाजार में कुछ लोग एक व्यक्ति को मार रहे थे जिसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट किया गया था। इन्हें छुड़ाने पर मनोज यादव के पिता राम प्रवेश यादव को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया था। जिनका इलाज वाराणसी में चल रहा है। तब तक इस घटना ने एक बार फिर लोगों में चचाओं का विषय बना दिया है। इस संबंध राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुराने रंजिश में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। मामले में पीड़ित परिजन के तरफ से पूर्व में विजय यादव, विपिन यादव, ओंकार यादव, रवि यादव पर प्राथमिक दर्ज कराई गई है।

### रिटायर्ड शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



**सिमरी।** प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय काजीपुर के 34500 कोटि के वरिष्ठ शिक्षक अतीकुर रहमान मंगलवार को सेवा निवृत हो गए। उनके सेवा निवृत होने पर विद्यालय परिवार द्वारा समारोह पूर्वक उनकी विदाई की गई। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक की आंखे भर आई। विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक मो हमीद ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाल और कहा कि वे हमेशा समय से विद्यालय आते थे तथा छात्रों के साथ पुत्रवत स्नेह रखते थे। उनके रिटायर्ड होने के बाद विद्यालय परिवार में लंबे समय तक उनकी कमी महसूस की जाएगी। शिक्षकों ने उन्हें उच्च कोटि का शिक्षक तथा व्यवहारकुशल इंसान बताया। वक्ताओं ने कहा कि वे हमेशा उच्च आदर्श रखते थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में सेवानिवृत होने वाले शिक्षक अतीकुर रहमान ने कहा कि वे आजीवन शिक्षण कार्य से जुड़ा रहना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो प्यार व सम्मान मिला है वे उससे अभिभूत है। संचालन वरिष्ठ शिक्षक इम्तेयाज अंसारी ने किया। मौके पर सुशील कुमार यादव, मो. नसीर, अफगान खान, नेसार अहमद, सहरूद्दीन खान, फहमीदा खातुन, कुतबुद्दीन अली खान, राजेश कुमार प्रसाद, त्रिलोचना, एहसान आलम, आजरा तबस्सुम, सुल्ताना खातुन, शबाना खातुन आदि थे।

### पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा भी मौजूद थे। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, जन वितरण प्रणाली समेत अन्य विभागों के विकास को लेकर चर्चा की गई। उप प्रमुख अमरेंद्र कुमार ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर डीलरों के माध्यम से लाभुकों को कम राशन देने पर नाराजगी व्यक्त की। इसके अलावा आरटीपीएस काउंटर पर लोगों को नाहक परेशान नहीं करने का निर्देश कर्मियों को दिया गया और निर्धारित अवधि में काम पूरा करने की हिदायत बीडीओ ने दी। उन्होंने कहा कि दूर दराज के गांवों से पहुंचे लोगों को आरटीपीएस काउंटर से बेवजह लौटा दिया जाता है। जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं उन्होंने सही लाभुकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने को कहा। बीडीओ ने कहा कि शिविर में प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए।

# नाबालिग को झांसा दे शादीशुदा युवक कर रहा था शोषण, केस

**केटी न्यूज/सिमरी**

स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का पिछले तीन वर्षों से एक युवक द्वारा शादी का झांसा दे शारीरिक शोषण किया गया। बाद में उसने पीड़िता को मारपीट कर भगा दिया है। पीड़िता अब बालिग हो गई है। आरोपी इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बरूना गांव का रहने वाला दिनेश यादव पहले से शादी शुदा था। पीड़िता उसके रिश्तेदारी की ही थी। जिस कारण उसके घर उसका आना जाना लगा रहता था। वर्ष 2020 में पीड़िता जब मात्र 16 वर्ष की थी तो वह उसे झांसा दे घर से बहला फुसलाकर राजस्थान के भिलवाड़ा जिला स्थित रैला गांव ले गया, जहां वह किसी निजी कंपनी में काम करता था। इस दौरान उसने पीड़िता के साथ लगातार दुष्कर्म किया। पीड़िता द्वारा जब उसपर शादी का दबाव बनाया जाता था तो वह उसके बालिग होने तक रूकने को कहता। लेकिन इस साल के शुरूआत में जब पीड़िता को पता चला कि वह पहले से शादी शुदा है तथा वह उसे धोखा दे रहा है तब उसने फिर से शादी का दबाव बनाया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी गई। इस दौरान उसका पूरा परिवार मेरे साथ दुर्व्यवहार करते रहा।

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने दो बच्चों के साथ खाई जहर

- पत्नी व बेटी की मौत, गंभीर अवस्था में चल रहा है बेटे का इलाज
- सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के कड़सर गांव की है घटना

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी के कड़सर गांव में एक लोमहर्षक घटना सामने आई है। पति से विवाद के बाद एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ खुद भी जहर खा कर आत्महत्या कर ली है। जहर खाने से महिला रीना देवी तथा उसकी एक साल की बेटी की मौत हो गई है। जबकि पांच साल का मासूम बेटा आरा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। वही गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतका गांव के सोनू चौधरी की पत्नी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनएच 319 के किनारे स्थित एक पेड़ के नीचे से महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। इसकी सूचना मिलते ही सोनवर्षा ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल बक्सर भेजा। वहीं बच्ची के शव की खोज बिन की जा रही है।

ग्रामीण सूत्रों ने भी बताया कि रात में पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। वही ओपी प्रभारी ने प्रथम दृष्टया इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक मामले में किसी के द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। वही उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इस घटना की चर्चा पूरे दिन कड़सर तथा आस पास के गांवों में होते रही।

### सोमवार की रात पति पत्नी के बीच हुआ था झगड़ा

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात पति पत्नी के बीच किसी बात को ले विवाद हुआ था। हालांकि मामला इतना बड़ा नहीं था। विवाद के बाद सोनू अपनी पत्नी तथा बच्चों को घर पर छोड़ रात में खेत की पटवन करने चला गया था। सुबह में जब वह लौटा तो देखा कि आंगन में बच्चें बेसुध पड़े है जबकि पत्नी का कुछ पता नहीं था। थोड़ी देर तक पत्नी की खोजबीन करने के बाद वह बच्चों को इलाज के लिए लेकर आरा चला गया। जहां एक निजी अस्पताल में जाते ही डाक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेटे की गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। इधर रीना का शव एनएच पर स्थित ओवर ब्रिज के किनारे एक पेड़ के नीचे पड़ा था। शायद वह जहर खाने के बाद बदहवासी में घर से रोड की तरफ भाग गई थी। वहां गिरते ही उसकी मौत हो गई थी।

### रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. भरत के मॉडल को एसईआरबी द्वारा किया गया है चयनित

# एमवी कॉलेज में होगा जल से हाइड्रोजन बनाने पर रिसर्च, मिले 24 लाख

- जल से हाइड्रोजन बनाने का रिसर्च होने की खबर मिलते ही कॉलेज के कर्मचारियों में छाई खुशी

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के एमवी कॉलेज में पानी से हाइड्रोजन बनाने पर रिसर्च किया जाएगा। कॉलेज के रशायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो भरत के जल से हाइड्रोजन बनाने के मॉडल को एसईआरबी ने चयनित कर लिया है। इस रिसर्च के लिए एसईआरबी ने कॉलेज को 24 लाख रूपए दिए है। यह बिहार का मात्र दूसरा कॉलेज है जिसका चयन इस अभियान के लिए किया गया है। जिसके बाद कॉलेज में खुशी का माहौल बन गया है। बता दें कि पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर केंद्र सरकार का हाइड्रोजन पर जोर है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर नेशनल हाइड्रोजन मिशन की शुरूआत की थी। इससे कार्बन-मुक्त ईंधन की तरफ तेजी से कदम बढ़ाने की बात हुई थी। एसइआरबी द्वारा देश के विभिन्न महाविद्यालयों से हाइड्रोजन पर रिसर्च के लिए प्रोजेक्ट आमंत्रित किया गया था। जिसमें बक्सर महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय बक्सर के रसायन शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर भरत कुमार ने भी अपने प्रोजेक्ट का मॉडल भेजा था। जिसका चयन करते हुए 24 लाख रुपए की राशि का आवंटन कर दिया गया है।

**जल को विखंडित कर हाइड्रोजन गैस प्राप्त किया जाएगा - प्रो. भरत :** प्रो. भारत ने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से 24 लाख का रिसर्च प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है। जो बिहार के दो कॉलेजों को प्राप्त हुआ है। जिसमें एम वी कॉलेज भी है शामिल। वही प्रोजेक्ट मिलने से कॉलेज में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय को एसईआरबी द्वारा प्रोजेक्ट मिलना गर्व की बात है। डॉ. भरत कुमार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं। इस प्रोजेक्ट से महाविद्यालय को नैक ग्रेड प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

एसईआरबी द्वारा प्रायोजित इस रिसर्च प्रोजेक्ट से जल को विखंडित कर हाइड्रोजन गैस प्राप्त किया जाएगा। जिससे ऊर्जा संबंधित जरूरत को पूर्ण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने की तरफ कदम बढ़ा रहे भारत को इस प्रोजेक्ट की सफलता से बड़ा लाभ मिलेगा। इसमें साईंटिस्टो द्वारा पानी से हाइड्रोजन निकालना किफायती बनाया जा सकता है। पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग करना कठिन है और इसमें बहुत ऊर्जा लगती है लेकिन अब इसका किफायती तरीका ढूंढ निकाला गया है। वही प्रोफेसर भरत ने बताया कि इस शोध प्रोजेक्ट के सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए प्रोजेक्ट अस्सिटेंट पद के लिए आवेदन भी आमंत्रित किया गया है। जिसमें एमएससी रसायन के छात्रों का चयन किया जायेगा। जिन्हें एसईआरबी द्वारा 20 हजार एवं आवास भत्ता दिया जायेगा। यह प्रोजेक्ट 3 साल के लिए मिला है। जिसका समय-समय पर मूल्यांकन भी किया जाएगा।

# तेजस्वी को 'गारी' सुना वायरल सिंगर बहनों की पुलिस कर रही तलाश

**केटी न्यूज/ आरा**

डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को गारी (पारंपरिक लोक गीत) सुनाकर वायरल गायिका हेमा पांडेय और उनके परिजनों की मुश्किलें काफी बढ़ गयी है। मारपीट एवं पुलिस राइफल छीनने की कोशिश करने के मामले में सिंगर बहनों और उनके परिजनों की गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इस मामले में उनके पिता सहित दो परिजनों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। हालांकि गायिका हेमा पांडेय, उनकी बहन करीना पांडेय, सविता पांडेय, मनीषा पांडेय और भाई सहित अन्य परिजन

❑ गायिका हेमा पांडेय, उनकी बहनों और भाई सहित परिवार के चौदह लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इस मामले में इन सभी के खिलाफ धोबहां ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

उनमें हेमा पांडेय, मनीष पांडेय, करीना पांडेय, सविता पांडेय, उनके भाई आकाश पांडेय, पिता सुशील पांडेय, मां पुष्पा देवी, अजीत पांडेय, कंचन पांडेय, अंगद पांडेय, गोविंद पांडेय, राकेश पांडेय, ओमकार पांडेय और श्रीराम पांडेय को नामजद किया गया है। वहीं पांच-दस अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। सिंगर बहनों व उनके परिजनों पर दस रोज पूर्व भी जमीन विवाद में पट्टीदारों से मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुटी है। पूरा मामला मुफस्सिल थाने धोबहां ओपी क्षेत्र के अगरसंडा गांव की है। धोबहां ओपी की प्रभारी ओपी इंचार्ज पूजा कुमारी के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि अगरसंडा गांव निवासी सुशील पांडेय और जीतेंद्र पांडेय के बीच फिर से विवाद हो गया है। कुछ भी हो सकता है। उस आधार पर वह एएसआई परशुराम कुमार और पुलिस बल के साथ अगरसंडा गांव पहुंची। वह सुशील पांडेय और जीतेंद्र पांडेय के घर के पास स्थानीय चौकीदार के साथ घटना के संबंध में पूछताछ कर रही थी। तभी सुशील पांडेय के घर के पुरुष और महिला सदस्य विवाद करने लगे। उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो हेमा पांडेय द्वारा अपने परिजनों को ललकारे जाने लगा। वर्दी उतरवाने की धमकी भी दी जाने लगी। उसी दौरान हेमा पांडेय और उनके परिजनों की ओर से जानलेवा हमला कर दिया गया।

### जमीन का चल रहा विवाद, दस दिनों पहले भी दोनों पक्षों में हुई थी मारपीट

पुलिस के अनुसार अगरसंडा गांव निवासी सुशील पांडेय और जीतेंद्र पांडेय के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। उसे लेकर 17 अक्टूबर को दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई थीं। उस एक पक्ष से आकाश पांडेय जबकि दूसरे पक्ष से रवि नारायण पांडेय की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। हेमा पांडेय के भाई आकाश पांडेय की ओर से दर्ज प्राथमिकी में गांव के ही गोपाल पांडेय, जीतेन्द्र पांडेय, अनिल पांडेय, अनिल पांडेय, अंकित पांडेय और गुड्डू पांडेय समेत 10 लोगों को आरोपित किया गया था। उसमें कहा गया था कि जीतेंद्र पांडेय के परिजनों द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर मारपीट की जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष से रवि नारायण पांडेय की ओर से दर्ज प्राथमिकी में सुशील पांडेय, आकाश पांडेय, हेमा पांडेय, करीना पांडेय, सविता पांडेय, मनीष पांडेय और जगदीश पांडेय समेत 14 को आरोपित किया गया था।

## एक नजर

### कंसारा मुसहर टोली में दो पक्षों में हुई मारपीट तीन लोग घायल, जांच में जुटी पुलिस

**मखदुमपुर।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र के कंसारा मुसहर टोली में दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए घायलों में एक पक्ष से विमलेश दास एवं अमित कुमार बताए जाते हैं जबकि दूसरे पक्ष से गब्बर मांझी बताए जाते हैं जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया , घायल लोगों को इलाज रेफर अस्पताल मखदुमपुर में कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है। इस मामले को लेकर स्थानीय थाने में आवेदन दिया गया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में पुलिस ने कहा है कि आरोपियों पर विधिसंवत कार्रवाई की जाएगी।

### सोनवर्षा गांव में भैंस चोरी का विरोध करने पर हथियारबंद अपराधियों महिला को गोली मारी

**आरा।** भोजपुर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में सोमवार की देर रात भैंस चोरी का विरोध करने पर हथियारबंद अपराधियों एक महिला को गोली मार दी। जख्मी महिला को गोली बाएं हाथ में केहुनी और कलाई के बीच में लगी है। गोली लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

### पुलिस ने दो जगह पर छापेमारी कर दो कुर्की वारंटी को किया गिरफ्तार

**मखदूमपुर।** उमता धरनई ओपी की पुलिस ने दो जगहो पर छापेमारी कर कुर्की जप्ती के दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। इस बाबत ओपी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने धरनई मुसहर टोली में छापेमारी कर कुर्की जप्ती के वारंटी संजोग मांझी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने फकीरा बिगहा गांव में छापेमारी कर कुर्की जप्ती के वारंटी सीताराम मांझी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों को पुलिस ने कोरोना जांच करने के बाद जेल भेज दिया है।




### बक्सर के युवक की आरा में संदिग्ध स्थिति में मौत

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन स्थित एक बिरियानी हाउस में काम कर रहे बक्सर के युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसके मुंह से झाग निकल रहा था और पूरा शरीर अकड़ा हुआ था। ऐसे में उसकी मौत कोई जहरीला पदार्थ खाने से होने की आशंका जताई जा रही है। मृत युवक बक्सर जिला के टाउन थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी भिखारी राम का 33 वर्षीय पुत्र अनंत राम था।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसकी पत्नी किरण देवी ने बताया कि वह जिउतिया के दिन घर आए थे। उसके दूसरे दिन वापस आरा बिरियानी हाउस अपने काम पर आ गए थे। मंगलवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि वह सोफा पर बैठे थे। उसी दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंची और उसके शव को दाह-संस्कार के लिए वापस गांव ले गए।

इधर, पुलिस के अनुसार युवक की मौत जहरीला पदार्थ खाने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### पटना के पथलौटिया फायरिंग कांड: तीन जिलों की पुलिस संयुक्त रूप से कर रही छापेमारी

# बालू माफियाओं की तलाश में पटना से भोजपुर व सारण तक पुलिस का छापा

■ बालू माफियाओं की पहचान और गिरफ्तारी को तैनात किये जायेंगे अतिरिक्त पुलिस बल

**केटी न्यूज/ आरा**

भोजपुर के सीमावर्ती पटना के बिहटा थाने के पथलौटिया बालू घाट पर फायरिंग और पोकलेन मशीन जलाये जाने के बाद पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। माफियाओं की तलाश में पटना से भोजपुर और सारण तक छापेमारी की जा रही है।शाहाबाद डीआइजी नवीन चंद्र झा के नेतृत्व में तीनों जिले की पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की जा रही है। इस दौरान पुलिस पटना से भोजपुर होते सारण तक सोन तटीय इलाकों में छानबीन करती रही। इधर, अवैध खनन और फायरिंग की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर नई कार्य योजना भी तैयार की जा रही है। उसके तहत इन इलाकों में



अतिरिक्त पुलिस बल और अफसरों की तैनाती की जा रही है। बताया जा रहा है कि पथलौटिया बालू घाट पर रविवार की अवैध खनन को लेकर रात दो गुटों को बीच भिड़ंत हो गयी। उस दौरान दोनों गुटों के बीच

सैकड़ों राउंड फायरिंग की गयी। सात पोकलेन मशीन भी जला दी गयी थी।मनोहर राय गुट और अनिस राय गिरोह गुट के बीच फायरिंग की बात कही जा रही है। घटना को गंभीरता से लेते हुए

भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कई बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इन क्षेत्रों में अतिरिक्त बल और अफसरों के माध्यम से इस तरह गुटों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध खनन को रोकने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। भविष्य में इस संबंध में कार्रवाई के लिए योजना बनाई गई। क्षेत्र में पुलिस के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि भोजपुर और पटना जिले की सीमावर्ती बिहटा थाने के पथलौटिया घाट पर अक्सर फायरिंग और मशीन जलाने की घटनाएं होती रहती है।

### शाहाबाद रेंज डीआईजी के नेतृत्व में टीम गठित

मुख्यालय के स्तर से शाहाबाद रेंज डीआईजी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। उसमें पटना सिटी एसपी राजेश कुमार, भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव और दानापुर एएसपी भोजपुर व पटना जिले के अन्य अफसर शामिल हैं। उसके बाद ही टीम ही कार्रवाई में जुटी है। उस क्रम में टीम पथलौटिया बालू घाट भी गयी और छानबीन की। उस दौरान पुलिस अफसरों की बैठक भी हुई, जिसमें ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की रणनीति तैयार की गयी। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के पथलौटिया क्षेत्र में अवैध बालू खनन और आपसी वर्चस्व में दो गुटों के बीच हुई विवाद एवं फायरिंग हुई थी। कुछ पोकलेन भी जलाए गये थे।पटना, भोजपुर और सारण जिलों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया।

## दुकान बंद कर घर लौट रहे मेडिकल हॉल संचालक को मारी गोली



**केटी न्यूज/ आरा**

भोजपुर में आरा-अरवल रोड पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया और पियनियां गांव के बीच सोमवार की रात बदमाशों द्वारा एक मेडिकल हॉल संचालक को गोली मार दी गयी। गोली उनके बाएं हाथ में लगी है। उसमें वह गंभीर रूप जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

जख्मी दवा दुकानदार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव निवासी बबन सिंह के 25 वर्षीय पुत्र पिंटू सिंह है। उनकी पियनियां गांव में मां सती मेडिकल हॉल है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।? पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जख्मी पिंटू सिंह ने बताया कि वह रोज की तरह सोमवार की रात अपना मेडिकल हॉल बंद कर दवा लेने आरा के महादेवा में गये थे। दवा लेने के बाद वह बाइक से गांव लौट रहे थे। देवरिया व पियनिया गांव के बीच दो बाइक पर सवार चार अपराधी पहले से बैठे थे। वह पहुंचे तो अपराधियों द्वारा बांस से रास्ता घेरकर बाइक रोकने का इशारा किया गया। उन्होंने बाइक नहीं रोकी, तो बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दी गई। उसमें उनके बाएं हाथ में गोली लग गयी। उससे वह सड़क पर गिर पड़े। उसके बाद फोन कर इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

## बिजली की करंट लगने से दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल

**जहानाबाद** हुलासगंज थाना क्षेत्र के रूपा बीघा गांव में उसे समय अफरा-तफरी मच गई जब दो सगे भाई मनीष कुमार एवं अरुण कुमार को बिजली की करंट लग गई। जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मनीष कुमार एवं अरुण कुमार दोनों बाधार खेत से काम कर अपने घर लौट रहा था तभी रास्ते में 11000 बिजली के तार टूटकर गिरा हुआ था , जिसके संपर्क में दोनों भाई आ गया इसे बिजली की करंट लग गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर घटना स्थल पर गए और दोनों को इलाज के लिए हुलासगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को जहानाबाद रेफर कर दिया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तार जार्जर होने के कारण अचानक तार टूटकर गिर गया जिसके कारण यह घटना घट गई ज्ञात होगी रवि मौसम होने के कारण किसान लोग बधार में खेती-बारी का काम कर रहे हैं।

## मुखिया के नेम प्लेट लगे स्कॉर्पियो के धक्के से ठेले वाले की मौत

**केटी न्यूज/ आरा**

भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के भरौली गांव के समीप सोमवार की शाम मुखिया के बोर्ड लगे बेलगाम स्कार्पियो ने ठेले पर बिस्किट बेच रहे एक झारखंड निवासी युवक को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी ठेले वाले की इलाज के दौरान शाहपुर रेफरल अस्पताल में मौत हो गयी। मृत ठेला वाला झारखंड के देवघर जिले के पथरोल थाना क्षेत्र के मझियाना गांव निवासी रहमुल मियां का 25 वर्षीय पुत्र सनाउल अंसारी था। वह चार वर्ष से शाहपुर के रानीसागर में किराए का मकान में था और गांव गांव में ठेले पर बिस्किट गांव-गांव घूमकर बेचता था। घटनास्थल से स्कॉर्पियो पर लगा एक मुखिया का नेम प्लेट मिला है। इधर, मृत ठेले वाले के बड़े भाई मुस्लिम अंसारी ने बताया कि वह चार वर्षों से रानीसागर में किराए के मकान में रहता था और ठेले पर बिस्किट गांव-गांव घूम फेरी कर बेचता था। रोज की तरह सोमवार की शाम बिस्किट बेच ठेला लेकर रानीसागर लौट रहा था। उसी दौरान भरौली गांव




❑ घटनास्थल से स्कॉर्पियो में लगे नेम प्लेट बरामद, चालक के खिलाफ दर्ज की गयी प्राथमिक

के समीप सामने से आ रही मुखिया की बेलगाम स्कॉर्पियो ने उसे रौंद दिया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया?। मुखिया के स्कॉर्पियो का नाम प्लेट भी टूट कर वहीं गिर गया। घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया। उसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर शाहपुर रेफरल अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से स्कॉर्पियो का नेम प्लेट मिला है। उस पर मुखिया ईश्वरपुरा पंचायत लिखा था।




### ड्यूटी कर घर लौटने के दौरान हुआ हादसा, सदर अस्पताल में जीएनएम के रूप में थी पदस्थापित

# दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर में एक स्वास्थ्य कर्मी की मौत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

दो बाइक के टक्कर में एक स्वास्थ्य कर्मी की मौत हो गई यह घटना सुहानी बीघा गांव के समीप की है। जहां सुहानी बीघा गांव निवासी कुमारी सरल सिन्हा जो सदर अस्पताल में जी एन एम के रूप में पदस्थापित थी। अस्पताल से ड्यूटी कर अपने घर जा रही थी। जैसे ही अपने गांव के समीप पहुंची एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके कारण यह महिला सड़क के किनारे गिर गई जिसके कारण या महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जैसे ही परिवार वालों को घायल होने की



सूचना मिली दौड़े दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे । और इस महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज भर्ती कराया, जहां डॉक्टर द्वारा गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन सदर अस्पताल के डॉक्टर द्वारा महिला की गंभीर हालात को देखते हुए इस महिला को पीएमसीएच रेफर कर दिया । लेकिन यह महिला की पुनपुन पहुंचते ही इसकी मौत हो गई इस घटना के बाद इसके परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। जिले में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण घटना घटी है। परिवार का आरोप है कि सही समय पर सदर अस्पताल के व्यवस्थापक द्वारा एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराया गया जिसके कारण महिला को पटना ले जाने में काफी विलंब हो गई ,जिससे इसकी मौत हो गई।

### मायके आयी महिला की आहर में डूबने से मौत, शौच करने के दौरान हुआ हादसा

**आरा।** पवना थाना क्षेत्र के धोबहां गांव स्थित आहर में डूबने से मायके आयी महिला की मौत हो गई। मृतका चरपोखरी थाना क्षेत्र के कुसुमी गांव निवासी वकील यादव की 22 वषीर्या पत्नी ने सुशीला देवी थी। उसके पिता लालू सिंह ने बताया कि वह अपने ससुराल से एक माह पूर्व मायके घूमने के लिए आई थी। मंगलवार की दोपहर वह घर घर के कुछ दूरी पर ही स्थित आहर के समीप शौच करने गयी थी। वहां वह असंतुलित होकर आहर में गिर कर डूब गई। वहां मौजूद लोगों ने उसे आहर में गिर पड़ा देखा, तो घटना का सूचना दी।



# फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को दी गयी ससम्मान विदाई



**केटी न्यूज/बलिया**

क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के सभागार में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पृथ्वी पाल यादव के सेवानिवृत होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिमिनल बार के अधिवक्ताओं ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम से सेवानिवृत जज को विदाई दी।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत हुए प्रधान

### ❐ क्रिमिनल बार के अधिवक्ताओं ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम से सेवानिवृत जज को विदाई दी

न्यायाधीश पृथ्वी पाल यादव जनपद में दो बार सेवा देने वाले न्यायिक अधिकारी हैं। उनके कार्यशैली से हर अधिवक्ता खुश है। उनको विदाई देने में हम लोगों को ऐसी अनुभूति महसूस हो रही है। जो बिरले ही किसी न्यायिक अधिकारी को देने में होती है। कहा कि सेवानिवृत्ति जज कई बार हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति बन जाते हैं, हम लोग यही कामना करते हैं कि सेवानिवृत न्यायाधीश महोदय को हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति का वह कुर्सी मिले जिस पर बैठकर यह काम करने का अपना सम्मान प्राप्त करें। इस मौके पर माला पहनकर सम्मानित करने वालों में विनोद कुमार सिंह, रंगबली सिंह, डॉ निर्भय नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, अवध नारायण यादव, कमलेश यादव, अभिषेक मिश्रा, अनिल कुमार सिंह, श्रीराम सिंह, कन्हैया जी तिवारी, भुवाल जी सिंह, संतोष सिंह, उमाशंकर तिवारी, मृत्युंजय कुमार सिंह, शिवजी चौबे, रामविचार यादव,अजय सिंह, नवीन सिंह, अखिलेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रभारी अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी तथा संचालक कौशल कुमार सिंह ने किया। आभार महासचिव अनिल कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश न्यायाधीश एडीजे हुसैन अंसारी, अपर प्रधान न्यायाधीश श्रद्धा तिवारी, सिविल जज सर्वेश मिश्र आदि मंचसीन रहे।

# पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति की मौत



**केटी न्यूज/बलिया**

रसड़ा-बलिया मार्ग के अमहर पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की शाम तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर युवा दम्पति की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर मारकर भाग रही पिकअप को बाइक सवार युवकों ने कोटवारी मोड़ के समीप पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। उधर घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है।

वीर बहादुर राम उम्र 22 वर्ष पुत्र जवाहिर तथा उनकी पत्नी संध्या देवी उम्र 20 वर्ष पंडितपुरा संवरा रसड़ा से अपने गांव जा रहे थे। अभी अमहर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों की की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं टक्कर मारकर भाग रही पिकअप को बाइक सवार युवकों ने कोटवारी मोड़ के समीप पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग दौड़ पड़े। दुर्घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों को रसड़ा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## खबरें फटाफट

### रामपुर में एक तथा दरौंधा माधवपुर में दो नवंबर को लगेगा रामलीला मेला

**सिपाह इब्राहिमाबाद ( मऊ)** क्षेत्र में इन दिनों रामलीलाओं और इससे संबंधित मेलों की धूम मची हुई है। फसल की कटाई और मड़ाई का कार्य विलंबित होने के कारण ग्रामीण काफी फुर्सत में हैं लिहाजा मेलों में खूब भीड़ जुट रही है तो अच्छी बिक्री होने से दुकानदारों में भी प्रसन्नता व्याप्त है क्षेत्र में लगने वाले रामलीला मेलों के क्रम में आगामी 1 नवंबर दिन बुधवार को निकटवर्ती ग्राम ,रामपुर में रामलीला मेले का आयोजन किया गया है जबकि दरौंधा माधवपुर का मेला अगले दिन 2 नवंबर दिन बृहस्पतिवार को सुनिश्चित है। उक्त आशय की जानकारी संबंधित मेला समितियों के कार्यकर्ता क्रमशः हरींद्र नाथ पाण्डेय और हरिकेश पटेल ने दीं ।

### लौह पुरुष की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी

**मऊ।** सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। मंगलवार को मोहम्मदाबाद गोहना उप जिलाधिकारी कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उप निबंधक कार्यालय एवं कोतवाली परिसर समेत अन्य विद्यालय में भी इनकी जन्म जयंती मनाई गई ।इस मौके पर उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ,नायब तहसीलदार गौरव शाह, खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश ,पुलिस उपाधीक्षक डा अजय विक्रम सिंह ,प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी आदि लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलना होगा ,जिससे हमारा देश प्रगति के पथ पर और आगे को बढ़ेगा ।इसी प्रकार कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक में मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार जायसवाल समेत बैंक के कर्मियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए याद किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड, अजीत जायसवाल ,अभिषेक कुमार मिश्रा, शिवकुमार चौधरी, गौरव गौतम ,गौरव वर्मा, विजय कुमार ,बालक राम ,पीयूष सिंह समेत बैंक के कर्मी एवं सम्राट लोग उपस्थित रहे।

## आज होगा बलिया महोत्सव का भव्य शुभारम्भ, आएंगे कई अतिथि

# सूफी गायक कैलाश खेर के गीतों पर आज झूमेगा बलिया

### ❐ दीपोत्सवः 1 लाख 11 हजार दीपों से जगमगा उठेगा बलिया

**केटी न्यूज/बलिया**



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के विशेष प्रयास और जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित बलिया महोत्सव का भव्य शुभारम्भ आज (बुधवार को) होगा। इसमें सुप्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री कैलाश खेर की प्रस्तुति शाम 6 बजे से शुरू होगी। इसके बाद 9 बजे से 11 बजे तक दीपोत्सव का भव्य आयोजन होगा। दीपोत्सव कार्यक्रम में 1 लाख 11 हजार दीप बलिया में जलाये जाएंगे। इससे पहले शाम 4 बजे से 6 बजे तक पुलिस लाईन में ही नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेत्री अपर्णा यादव शामिल होंगी।

**परिवहन मंत्री ने जनपदवासियों से की अपील, हर घर पर जलाएं दीप :** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बलिया जनपद स्थापना दिवस को भव्यता से मनाने के लिए जनपदवासियों से भी अपील किया है कि इस अवसर पर हर कोई अपने घर पर दीप अवश्य जलाएं और इस ऐतिहासिक पल में भागीदारी सुनिश्चित कराएं।

**जिलाधिकारी ने की तैयारी की समीक्षा, दिये निर्देश :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को तीन दिवसीय बलिया महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर पुलिस लाइन में बैठक की। उन्होंने महोत्सव से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिनको जो जिम्मेदारी मिली है, उसका समय से निर्वहन करेंगे। महोत्सव की भव्यता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को भी व्यवस्था पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन गंगा बहुउद्देशीय सभागार में, जबकि शेष कार्यक्रम पुलिस लाइन में होगा। महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए तीन मजिस्ट्रेट लगाये गये हैं।

### नारीशक्ति वंदन कार्यक्रम की तैयारियों के पुख्ता इंतजाम का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंगलवार को ग्राम पिंडहरा( मैरीटार) में मुख्यमंत्री के आगमन पर होने वाले नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन की पुख्ता तैयारीयों के दृष्टिगत जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने यहां पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से जनसभा स्थल के पास में क्रू मेंबर और वीआईपी के बैठने और हेलीपैड बनाने की स्थिति का पूरा विस्तृत रिपोर्ट शाम को 9 :00 बजे तक देने को कहा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि टेंट लगाने का काम भी शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

### नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मऊ।** कोपागंज नगर पंचायत में दूसरे दिन भी मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार अनुराग सिंह और अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर कसारा मोड़ के आसपास अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान लोगो की काफी भीड़ जुटी रही । नगर पंचायत के अतिक्रमण हटाओ अभियान को देख पटरी दुकानदार खुद ही अपना सामान समेटते दिखे जो नही हटाया उसे नगर पंचायत ने हटाकर अतिक्रमण साफ कर दिया।

कस्बा क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर बार बार लोगो ने जिलाधिकारी से शिकायत किया था।जिसको लेकर सोमवार से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। कस्बे के मुख्य मार्ग से लेकर बाजारों में अतिक्रमण ने पांव पसार रखा हैं। इसके चलते आम आदमी को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। मुख्य मार्ग की बात करें तो कोपागंज थाना से लेकर भातकोल मोड़ तक अतिक्रमण का जाल बुरी तरह फैला हुआ है । इसके चलते दिन में कई बार यहां जाम के हालात बन जाते हैं। ऐसी ही स्थिति कस्बे के मुख्य बाजार की है। कस्बे के बाजारों को देखें तो दुकानदार अपनी दुकान के अलावा एक दुकान का सामान दुकान के बाहर सड़क पर रखकर दुकानदारी करते हैं।मंगलवार को सुबह नगर पंचायत द्वारा लाउडस्पीकर से प्रचार किया गया कि जिसने अतिक्रमण किया है।

# अनजान भय, बार-बार बुरा होने का विचार आना मानसिक बीमारीः डा. रविशंकर पांडेय



**केटी न्यूज/मऊ**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मऊ के प्रागण में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत वृहद कैम्प का आयोजन कराया गया। कैम्प का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नन्द कुमार एवं जिला दिव्यांग अधिकारी डा. हंसराज सोनी द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। युसुफ शाह द्वारा बताया गया कि मानसिक रोगीयों से भेद-भाव नहीं करना चाहिये। जिला दिव्यांग अधिकारी डा. सोनी ने बताया कि मानसिक कार्यक्रम में मानसिक दिव्यांग रोगियों हेतु यूडीआईडी कार्ड बनवाना एवं बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय मऊ डा. रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि मानसिक रोगियों की पहचान कैसे करें, अनजान भय, बार-बार बुरा होने का विचार आना, झुझलाहट एवं अत्यअधिक चिंताएं, तनाव महसूस करना, हाथों पैरों में कम्पन होना हड़बडी में रहना, इत्यादि लक्षण हो सकता है, इन अवस्था में कुशल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिये।

### धोखाधड़ी का आरोपी चढ़ा बलिया पुलिस के हत्थे

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की दोपहर गड़वार तिराहे के पास से धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम कृष्णा कुमार कन्नौजिया मनियारी जसांव थाना बांसडीहरोड का रहने वाला है। आरोपी कृष्णा कुमार कन्नौजिया काफी दिनों से फरार चल रहा था, मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गड़वार तिराहे के पास खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी कृष्णा कुमार कन्नौजिया को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था, उसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर गड़वार तिराहे के पास से आरोपी कृष्णा कुमार कन्नौजिया को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है।

### जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ जिला कारागार का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/मऊ**

जिला अधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के साथ जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कई बैरकों सहित रसोई घर का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इसके अलावा सीसीटीवी कंट्रोल रूम की संचालन व्यवस्था के साथ ही उनकी सक्रियता का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बंदियों से कारागार में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए बंदियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए।उन्होंने कारागार अधीक्षक को मीन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने, सीसीटीवी कैमरो की अनवरत सक्रियता रखने तथा कारागार परिसर स्थित चिकित्सालय में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति एवं बंदियों की नियमित जांच कर प्रदत्त चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा।

### रामलीला में प्रमुख पात्रों के किरदार निभाने वाले कलाकार हुए सम्मानित

**मऊ।** कोपागंज रामलीला कमेटी की रामलीला में सोमवार की रात्रि श्रीराम सहित अन्य प्रमुख पात्रों के किरदार निभाने वाले कलाकारों को भावभीनी विदाई दी गई। मोहल्ला दोस्तपुर स्थित प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में स्थित हनुमान मंदिर में रामलीला के पदाधिकारियों ने पात्रों का विधि-विधान के साथ सामूहिक पूजन किया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भंडारा का आयोजन भी किया गया ।समारोह में श्रीराम व माता सीता के जयकारों से परिसर गूंज उठा। हनुमान मंदिर में आयोजित में हुए कार्यक्रम में पुरोहित विनोद तिवारी ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, की आरती कर पूजा की। वहां मौजूद लोगों ने पुष्पवर्षा भी की। कमेटी के पदाधिकारियों ने कलाकारों को अंगवस्त्रम भेंट किया। मुकुट पूजन से भरत मिलाप तक कमेटी की ओर से दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया।






## आदर्श रामलीला समितरतनपुरा द्वारा नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में रामलीला कार्यक्रम संपन्न

# गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से श्रीराम ने संभाला राज सिंहासन



**केटी न्यूज/मऊ**

आदर्श रामलीला समितरतनपुरा के द्वारा नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में भरत मिलाप का कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा प्रभु श्री रामचंद्र जी को राजतिलक लगाया गया। लंका पर विजय प्राप्त करने के उपरांत प्रभु श्री राम समस्त बंदरी सेना के साथ अयोध्या की तरफ रवाना होते हैं। तथा हनुमान जी को माता सीता को अशोक वाटिका से लाने के लिए कहते हैं। हनुमान जी के द्वारा माता जानकी को प्रभु श्री राम के पास लाया जाता है। जैसे ही मां जानकी प्रभु श्री राम का चरण स्पर्श करना चाहती हैं प्रभु उन्हें अग्नि परीक्षा देने के लिए कहते है। माता सीता अग्नि परीक्षा देती हैं, तत्पश्चात समस्त सेना के साथ राम जानकी तथा लक्ष्मण अयोध्या की ओर रवाना हो जाते हैं। रास्ते में समस्त तीर्थो का दर्शन करते हुए प्रभु श्री राम प्रयागराज पहुंचते हैं जहां भरत के



प्रकोप से सरस्वती का विलुप्त होना, भगवान श्री राम के माध्यम प्रयागराज की महिमा को अखंड रखने, और प्रयागराज को मर्यादित करते हुए राम आगे की ओर बढ़ते हैं। अयोध्या पहुंचते ही प्रभु श्री राम का सरजू के किनारे भव्य स्वागत अयोध्या वासियों के द्वारा किया जाता है। देवताओं के माध्यम ही पुष्प की वर्षा की जाती है। तत्पश्चात गुरु वशिष्ठ की आज्ञा पाकर राम अयोध्या के राज सिंहासन पर आसीन होते हैं तथा श्री राम एवं जानकी का राजतिलक संपन्न होता है।

चौपाई = दैहिक दैविक भौतिक तापा!
रामराज काहू नहीं व्यापा!!

कार्यक्रम का उद्घाटन नन्हे शर्मा के बड़े सुपुत्र सूर्यदीप भट्ट के द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में नन्हे शर्मा जी, विनोद कुमार गुप्ता, विजेंद्र प्रसाद गुप्ता भी उपस्थित रहे। प्रमुख कलाकारों में राम की भूमिका में रामलीला के समिति के अध्यक्ष प्रमोद खरवार,लक्ष्मण संतोष वर्मा, भरत चंद्रप्रकाश वर्मा, विभीषण अरुण कुमार बंगा, रजनीश सिंह, मनोज गुप्ता, प्रदीप शर्मा इत्यादि प्रमुख रूप से रहे। व्यास वाणी पंडित सुरेंद्रनाथ शर्मा जी के द्वारा किया गया।

## खबरें फटाफट

### योगासन कराकर बच्चों को दी गई जानकारी

**चहनियां(चंदौली)।** चहनियां रानेपुर स्थित सेंट जोसेफ विद्यालय में बच्चों योगासन के बारे में बताया गया । जनपद बिजनौर के रहने वाले योगा अध्यापक कपिल शास्त्री ने कई योग करके बच्चों को सिखाया । बच्चों ने प्रतिदिन योगासन करने का संकल्प लिया । योगा शिक्षक कपिल शास्त्री ने बच्चो अनुलोम विलोम, पद्मासन, बक्रासन, परीजमोनतानासन, मलहयासन, उदरासन, कपोतासँन, बकासन आदि कई योगा के बारे में बताया । इस दौरान योगासन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योगासन करने से शरीर स्वस्थ्य रहता है । रोग पास नही फटकते है । योगासन करने की कोई उम्र नही होती है । हर उम्र के लोग इसे कर सकते है । प्रिंसिपल अनिल जोसेफ ने कहा कि इसकी शुरूआत हम करेंगे । प्रतिदिन प्रेयर के समय कम से कम एक या दो योगासन अलग बच्चो को बताया जायेगा । इस दौरान अनिल सिंह, दीपक तिवारी, अरबिंद कुमार, अभिनव चतुवेर्दी, विनय चौबे आदि शिक्षक मौजूद थे।

### शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**पीडीडीयू नगर ।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृति संजीवनी सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में एक से सात नवम्बर तक स्थानीय शाहकुटी स्थित काली मंदिर के समीप अन्नपूर्णा लान के प्रांगण में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है । इस दौरान कथा वाचक के रूप में श्रीमद् भागवत व श्री मानस मर्मज्ञ अखिलानंद जी महाराज द्वारा कथा श्रवण कराया जाएगा। इस दौरान प्रथम दिवस एक नवंबर दिन बुधवार को सर्वप्रथम प्रात:आठ बजे काली महाल स्थित काली मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण पश्चात अन्नपूर्णा लान स्थित पूजा स्थल पर पहुंचकर समाप्त होगी। अपराह्न चार बजे से श्रीमद् भागवत कथा का संगीतमयी कथा का वाचन प्रारंभ होगा। कथा के अंतिम दिवस सात नवंबर को कथा समापन पश्चात महाप्रसाद वितरण के रूप में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

### बालिकाओं को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

**चंदौली।** इलिया के बिशनपुरा गांव स्थित पंचायत भवन पर मंगलवार को अभियान मिशन शक्ति दीदी के तहत बालिकाओं व महिलाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, उज्वला योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला पेंशन योजना, साइबर क्राइम आदि के बारे में विस्तार से बताया । महिला कांस्टेबल रितु ने बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 102, 108, 1076, 1090, 1098, 1930, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्पडेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय राज्य महिला आयोग के विषय में जानकारी दी । इस दौरान थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग,एस आई अनिल सिंह, रमाशंकर, रामप्यारे सिंह, सहित महिलाएं उपस्थित थीं।

### दो गुमटियों का ताला तोड़कर चोरी

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के जलालाबाद पुलिस चौकी और पुलिस विकेट से 100 मीटर की दूरी पर स्थित विश्वकर्मा पान भंडार की गुमटी का ताला तोड़कर 1500 का सामना सिगरेट, गुटखा आदि लेकर फरार हो गए। उधर बगल में वीरेंद्र का गुमटी तोड़कर 6200 नगदी लेकर चोर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले में किसी ने तहरीर नहीं दी है ।

# उप्र में निवेश... ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तय लक्ष्य के और करीब पहुंची योगी सरकार

■ जीबीसी के लिए करीब 6.80 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स तैयार

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



फरवरी माह में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से रिकॉर्ड तोड़ 38 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू करने वाली योगी सरकार अब ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से इस निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार है। योगी सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए सभी विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके सापेक्ष अब तक करीब 6.80 लाख करोड़ रुपए के 8 हजार से अधिक प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जो जीबीसी के माध्यम से धरातल पर उतरने के लिए बिल्कुल रेडी हैं। इनमें 6 हजार से ज्यादा प्रोजेक्ट्स हैं जिनके एमओयू हो चुके हैं, जबकि करीब 2 हजार प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू वाले भी हैं। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से सरकार उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश को धरातल पर उतारते हुए लाखों रोजगार सृजित करने की ओर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने करीब 8 हजार एमओयू को जीबीसी के लिए शॉर्टलिस्ट किया है, जिनकी कुल निवेश क्षमता 9 लाख करोड़ से ज्यादा की है। योगी सरकार ने अब तक 26 हजार से ज्यादा एमओयू साइन किए हैं, जिनके माध्यम से 38 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश उत्तर प्रदेश में संभावित है। इसके जरिए प्रदेश में एक करोड़ से भी अधिक रोजगार का सृजन होने की संभावना है।

बेसिक एजुकेशन ने 800 प्रतिशत तक हासिल किया लक्ष्य

**प्रतिशत तक हासिल किया लक्ष्य**

जिन विभागों ने जीबीसी के लिए मिले लक्ष्य को 100 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा हासिल किया है, उसमें सबसे पहला नाम बेसिक एजुकेशन डिपार्टमेंट का है जिसने करीब लक्ष्य का 900 प्रतिशत हासिल कर लिया है। बेसिक एजुकेशन को जीबीसी के लिए 63 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष उसने 558 करोड़ के 47 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दे दी है।

### सर्वाधिक निवेश में अतिरिक्त ऊर्जा और यूपीसीडा सबसे आगे

सरकार की ओर से कुल 33 विभागों को 9 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए लक्ष्य दिया गया था। इसमें से सर्वाधिक 1 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी करने में एडिशनल सोर्सेज ऑफ एनर्जी ने सफलता हासिल की है। विभाग ने कुल 503 एमओयू किए थे, जिनकी कुल निवेश क्षमता 8 लाख करोड़ से ज्यादा की थी। विभाग को जीबीसी के लिए 1.25 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 1.04 लाख करोड़ के 111 प्रोजेक्ट्स ने जीबीसी के माध्यम से निवेश के लिए हामी भर दी है। इस तरह विभाग ने जीबीसी के लिए दिए गए लक्ष्य का 83 प्रतिशत से ज्यादा हासिल कर लिया है। इसी तरह यूपीसीडा ने भी 94 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी कर लिया है। यूपीसीडा ने कुल 625 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता 3.45 लाख करोड़ से ज्यादा की है।

### नोएडा अथॉरिटी और हायर एजुकेशन भी तैयार

नोएडा अथॉरिटी भी भारी निवेश कराने के लिए तैयार है। उसने 54 हजार करोड़ के 115 प्रोजेक्ट्स को जीबीसी के लिए रेडी कर लिया है। नोएडा अथॉरिटी ने कुल 426 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता एक लाख करोड़ से ज्यादा की थी। जीबीसी के लिए उसे 90 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वह 61 प्रतिशत को हासिल करने में सफल हो चुका है। इसके बाद सर्वाधिक निवेश राशि के मामले में हायर एजुकेशन की बारी आती है जिसने 51 हजार करोड़ के 257 प्रोजेक्ट्स को जीबीसी में उतारने पर सहमित हासिल कर ली है। हायर एजुकेशन ने कुल 95 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता 2.63 लाख करोड़ से ज्यादा की है। विभाग को जीबीसी के लिए 62.5 हजार से ज्यादा का लक्ष्य दिया गया था, जिसे वह अब तक 81 प्रतिशत से ज्यादा प्राप्त करने में सफल रहा है। इस क्रम में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स भी शामिल है, जिसने जीबीसी के लिए 48 हजार करोड़ से ज्यादा के 45 एमओयू को रेडी करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं, हॉर्टीकल्चर ने 42 हजार करोड़ के 843 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी है, जबकि एनर्जी और एमएसएमई ने करीब 38 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को जीबीसी के लिए तैयार कर लिया है।

फोकस केन्द्र एवं मॉडर्न स्वरूप में बनाये विकास भवन सभागार का उद्घाटन

# गाजीपुर डीएम ने की विकास भवन के सुंदरीकरण व स्वच्छता की सराहना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



शासन द्वारा प्रदेश में स्वच्छता पर विशेष बल दिया जा रहा है। उधर जनपद के विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अगुवाई एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से विकास भवन का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य कराया गया। विकास भवन में रंगाई- पुताई से लेकर वॉल पेटिंग, सभाकक्ष एव कार्यालयों का सुन्दरीकरण, इंटर लॉकिंग, साफ-सफाई के कार्य होने से मानो विकास भवन की दशा ही बदल गई।

विकास भवन में बनाए गये अमृत वन एवं परिसर में सुन्दर सजीव पौधरोपण से एक महकती हरियाली सा प्रतीत हो रहा है। मानो आज विकास भवन अपने जीर्णोद्धार पर फूले नहीं समा रहा है। इसका श्रेय इस जनपद के मुख्य विकास अधिकारी को जा रहा। जिन्होने विकास भवन की दयनीय दशा में परिवर्तन कर एक सुन्दर स्वरूप देते हुए विकास भवन को विकास के पथ पर अग्रसर किया। मुख्य अतिथि ` जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास भवन के जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण पर प्रशंन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित सहयोगी विभाग के अधिकारियों को सराहना की । उन्होने अधिकारियों को आगे भी इस तरह के कार्य में अपना सहयोग प्रदान करते हुए स्वच्छता पर विशेष बल देने की बात कही। उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्य मंत्री जी ने कहा कि जरूरी नही है कि हर किसी कार्य के लिए सरकारी बजट की आवश्यकता हो, विभिन्न विभागो के विभिन्न मदो में बजट प्राप्त होते है जिसके सहयोग से इस तरह के कार्य किये जा सकते है। जिलाधिकारी ने आमजन हेतु परिसर मे शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी हेतु बनाये गये फोकस केन्द्र एवं मॉडर्न स्वरूप में बनाये विकास भवन सभागार का फीता काटकर उद्घाटन` किया। उन्होने परिसर में कराये गये रंग बिरंगे वाल पेटिंग का अवलोकन कर सराहना करते हुए प्रशंन्नता व्यक्त की।`

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, क्षेत्रीय प्रबन्धक यू0बी0आई0, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षण, निर्माण संस्था के अधिकारीगण, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, वन विभाग` एव अन्य सम्बन्धित

### आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ अरूण कुमार दूबे ने औचक निरीक्षण किया

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाडी केंद्रों का सीडीपीओ ( बाल विकास परियोजना अधिकारी) अरूण कुमार दूबे ने औचक निरीक्षण किया। इसके चलते महकमें में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर दो आंगनबाडी कार्यकताओं को नोटिस जारी करते हुए उनका अगले आदेश तक वेतन रोकने के लिए डीपीओ को पत्र प्रेषित कर दिया।

इसके बाद उन्होंने वेतन रोक दिया।इसके अतिरिक्त रेवतीपुर गाँव में एक केन्द्र पर एकता दिवस पर कार्यक्रम न करने व रैली न निकाले जाने को गंभीरता से लेते हुए सीडीपीओ ने संबन्धित आंगनबाडी कार्यकर्ती को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां साफ- सफाई, पेयजल, शौचालय की समुचित व्यवस्था न पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए। इसे जल्द दूर का निर्देश दिया।

## एक नजर

### पाल समाज की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल, उत्थान में भूमिका निभाने का निर्णय



**अलीनगर (चंदौली)।** पाल धर्मशाला झांसी के प्रांगण में मंगलवार को पाल समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के विस्तार के साथ-साथ संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। वहीं समाज के आर्थिक सामाजिक राजनीतिक उत्थान में आम भूमिका निभाने का निर्णय लिया गया। क्षेत्र के पाल धर्मशाला झांसी के प्रांगण में मंगलवार को पाल समाज के लोगों की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें हनुमानपुर निवासी डॉ संजय पाल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रमेश पाल ने कहा कि पाल समाज के लोगों को अपने हक अधिकार की लड़ाई स्वयं लड़नी होगी। इसके लिए संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। जिसके तहत हम लोग आर्थिक,सामाजिक व राजनीतिक हक की लड़ाई लड़ने का काम कर सके। हमारे समाज के लोग आधुनिक युग में भी पिछड़े हुए हैं। हम सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाने का काम करें। इसके साथ ही समाज में अपने हक और अधिकार की लड़ाई में भी अग्रणी भूमिका निभाने का काम करें। बैठक में मुख्य रूप से गायक महेंद्र पाल, राजेंद्र पाल, रामाश्रय पाल, राधेश्याम पाल, मुखराम पाल, रामचंद्र पाल, शिव शंकर पाल, जीउत पाल,बद्दू मास्टर ,जयप्रकाश पाल सहित तमाम पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

### भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य बने शिवपूजन राम



**गाजीपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के आधीन डा. अम्बेडकर फाउंडेशन के माध्यम से विभिन्न राज्यों से 15 सदस्य चुने जाते हैं।उत्तर प्रदेश से चंदौली क्षेत्र के पूर्व विधायक व देवकली ब्लाक के माऊपारा निवासी शिवपूजन राम को चयनित किया गया है। इससे पार्टी कार्यकताओं में प्रसन्ता की लहर दौड़ गयी है। पूर्व विधायक शिवपूजन राम ने बताया. डा० अम्बेडकर फाउंन्डेशन अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति के लोगों को आवास,स्वास्थय,शिक्षा एवं कानूनी सहायता प्रदान कर विकाश की धारा मे जोड्ने का कार्य करता है। छात्र व छात्राओं को विशेष छात्रवृति, निःशुल्क कोचिंग तथा अर्तजातिय विबाह करने पर 2.5 लाख का अनुदान देने का प्रावधान है। चयनित किए जाने पर केपी गुप्ता, तेरसू यादव, नरेन्द्र कुमार गुरुप्रसाद गुप्ता, कमलेश पाण्डेय, श्रीकांत सिंह, अखिलेश कुशवाहा, रामलोचन राम ने बधाई देत हुए कहा कि इससे पूर्वांचल सहित सम्पूर्ण प्रदेश के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति के लोगो को लाभ मिलेगा।

### सौम्या माथुर पूर्वोत्तर रेलवे की प्रथम महिला महाप्रबंधक बनीं



**गाजीपुर।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड नई दिल्ली में अपर सदस्य (वित्त) सुश्री सौम्या माथुर का पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक पद पर नियुक्ति का अनुमोदन प्रदान किया है। सुश्री माथुर पूर्वोत्तर रेलवे की प्रथम महिला महाप्रबन्धक होंगी। सुश्री सौम्या माथुर ने भारतीय रेल लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1987 बैच के माध्यम से रेल सेवा में प्रवेश किया। आपकी पहली नियुक्ति वड़ोदरा पश्चिम रेलवे में हुई। तत्पश्चात आपने पश्चिम, उत्तर एवं मध्य रेलवे पर लेखा विभाग के अनेक महत्वपूर्ण पदों के उत्तरदायित्वों का निर्वहन बखूबी किया। सुश्री माथुर ने अपर मण्डल रेल प्रबन्धक पश्चिम रेलवे/मुम्बई सेन्ट्रल, मण्डल रेल प्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे/जयपुर, प्रधान वित्त सलाहकार/मेट्रो रेलवे/कोलकाता तथा प्रधान वित्त सलाहकार/दक्षिण पूर्व रेलवे/कोलकाता जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कुशलतापूर्वक कार्य किया। मण्डल रेल प्रबन्धक/जयपुर के रूप में सुश्री सौम्या माथुर ने जयपुर स्टेशन को पूरी तरह से बदल दिया, इसके परिणाम स्वरूप जयपुर स्टेशन प्लैटिनम ग्रीन रेटिंग प्राप्त करने वाला पहला स्टेशन बना तथा आपके कार्यकाल के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण में शीर्ष रेटिंग प्राप्त हुआ। आपने गांधीनगर जयपुर को पूर्ण रूप से महिला मुख्य लाइन स्टेशन के रूप में भी सफलता पूर्वक संचालित कराया।

### जमीनी विवाद में बुजुर्ग महिला सहित ग्राम प्रधान की हुई पिटाई, केस दर्ज

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मलेठी गांव में मंगलवार को आबादी में सार्वजनिक रास्ता को एक पक्ष के लोगों द्वारा अवरोध किया जाने लगा। इसके चलते ऋषिकेश कुशवाहा रास्ता बंद करने वाले लोगों को रोकने लगे। तभी कहासुनी की बात इतना बढ़ गई कि ऋषिकेश कुशवाहा तथा बुजुर्ग महिला कमली देवी की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान धनंजय प्रजापति मौके पर पहुंचकर समझाने का प्रयास किया, तो गोलबंद तरीके से प्रधान पर भी हमला करके लात घुसों से पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल दुल्लहपुर के थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। किसी तरह दोनों पक्षों से लोगों ने बीच बचाव करके शांति व्यवस्था कायम की। दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि कमली देवी के तहरीर पर अखिलेश सिंह, मिथिलेश सिंह, अभिषेक सिंह, रोहित सिंह सहित शिकायतकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मौके पर पुलिस की तैनाती की गई है।

## मामूली विवाद में लाठी डंडे से मारपीट, आधा दर्जन घायल



**केटी न्यूज/चंदौली**

सदर कोतवाली क्षेत्र के छित्तो गांव में मंगलवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमे पाँच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वही दोनों पक्षों के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही में जुट गई।

दरअसल छितो गांव निवासी सतन व दशमी एक दूसरे के पट्टीदार है। दोनों के घर के पास कदम का पेड़ है। उसके गिरे फल को फेंकने के चक्कर में दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जिसको लेकर दशमी के पुत्र अभिषेक व सतन के पुत्र राज बाबू के बीच तू-तू, मैं-मैं होने लगा। लड़कों के बीच हो रहे गाली गलौज में परिवार के बड़े बुजुर्ग भी कूद पड़े। फिर बच्चों में हो रहा गाली गलौज बड़ों के बीच लाठी-डंडे की मार में तब्दील हो गया। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष दशमी के पुत्र अभिषेक 19 वर्ष व सुनीता 26 वर्ष तथा दूसरे पक्ष से सतन 55 वर्ष, राज बाबू 18 वर्ष बेचनी 50 वर्ष गम्भीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े।

### साहसिक फैसलों के लिए विश्व में जानी गई इंदिरा गांधी: धर्मेन्द्र

**चंदौली।** चन्द्रा त्रिपाठी भवन कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को भारत रत्न प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। साथ ही लौह पुरुष भारत रत्न स्व.सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान गोष्ठी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी दृढ़ निर्णय व साहसी फैसले लेने के लिए जानी जाती थी। पूरा विश्व उन्हें आयरन लेडी के नाम से जानता था। उन्होंने 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तान के दो टुकड़े कर एक नया देश बांग्लादेश को स्थापित कर विश्व के मानचित्र का भूगोल बदल दिया। कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल ने ऑपरेशन पोलो के तहत बिना खून बहाए 562 रियासतों को एकीकरण कर अखंड भारत का निर्माण कर विश्व में इतिहास रच दिया। देश के निर्माण में कांग्रेस के दोनों नेताओं ने अपने जीवन को समर्पित कर दिया।

### देव दीपावली को लेकर गंगा सेवा समिति के लोगों ने किया बलुआ घाट का निरीक्षण



**केटी न्यूज/चहनियां**

बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर होने वाले देव दीपावली को लेकर गंगा सेवा समिति के कार्यकताओं संग भाजपा नेता अरबिन्द पाण्डेय व समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने घाट का निरीक्षण व मंथन किया । जिसकी तैयारियां अभी से शुरू हो चुकी है । देव दीपावली गंगा महोत्सव पर मंच, दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का जगह तय हुआ। गंगा सेवा समिति बलुआ के अध्यक्ष दीपक जायसवाल के द्वारा देव दीपावली गंगा महोत्सव पतित पावनी मोक्ष दायिनी मां जान्हवी के तट बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा किनारे विगत 14 वर्षों से मनाया जा रहा है । इस वर्ष यह आयोजन कार्तिक पूर्णिमा विक्रम सम्बत 2080 तदनुसार 27 नवम्बर को शुक्रवार को होगा । इसके लिए समिति के लोगों द्वारा तैयारियां अभी से शुरू हो गया है । पक्के घाट के दोनों तरफ मिट्टी के समतलीकरण,कहां दीपदान होगा और कहां मंच बनेगा व अन्य कार्यो का निरीक्षण व मंथन बलुआ घाट पर भाजपा नेता अरबिंद पाण्डेय व गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने समिति के लोगो के साथ किया ।

562 रियासतों का एकीकरण करके सरदार ब्पटेल ने जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह गर्व का विषय

# भाजपाइयों ने सरदार पटेल को जयंती पर किया याद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




गाजीपुर। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती आज भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी और श्रद्धांजलि अर्पित कर सम्मान पूर्वक मनाई गई। भाजपा कार्यालय के सभाकक्ष में वल्लभ भाई पटेल देशी रियासतों के विलय के सूत्रधार विषयक संगोष्ठी का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का अगर यह देश ऋणी और कृतज्ञ है, तो वह है पूर्व गृहमंत्री, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्होंने कहा कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति से लम्बे समय तक सत्ता में काबिज दल के शासन में देश की मुलभूत समस्याएं लगातार बढ़ती गई और देश कमजोर होता गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को संवैधानिक व्यवस्था से समाप्त कर देश के एकता और अखंडता को मजबूत किया है तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों को साकार किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ,देशी रियासतों के भारत में विलय के सूत्रधार सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रेरणा स्त्रोत है।

जिनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद स्वयं को स्वतंत्र मान लेने वाली 562 रियासतों का एकीकरण करके सरदार बल्लभ भाई पटेल ने जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह हर भारतवासी के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई



**गाजीपुर।** सुहवल ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती ( एकता दिवस) मंगलवार को बीआरसी कम्पोजिट विद्यालय सुहवल, प्राथमिक विद्यालय पूर्वी प्रथम, प्राथमिक विद्यालय साइतबांध , रमवल प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय, ताडीघाट कम्पोजिट विद्यालय, डेढगावां, हरिशचंद्रपुर, भिक्खिचौरा, विसुनपुरा आदि सभी परिषदीय स्कूलों सहित सुहवल व रेवतीपुर थाना आदि जगहों पर धूमधाम से मनाया गया।

### जयंती पर रन फॉर यूनिटी में दौड़े जवान

**चंदौली।** आजाद भारत के पहले गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मगंलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस लाइन चन्दौली में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारी व प्रशिक्षु आरक्षी द्वारा प्रतिभाग किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) सुखराम भारती द्वारा पुलिस लाइन से ह्यरन फॉर यूनिटीह्व कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) सुखराम भारती ने कहा कि सरदार पटेल देश के प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक नेताओं में से एक थे।